'समानो मन्त्रः समितिः समानी'

UNIVERSITY OF NORTH BENGAL

B.A. Honours 5th Semester Examination, 2022

DSE-P1-HINDI (501)

Time Allotted: 2 Hours Full Marks: 60

The figures in the margin indicate full marks.

पत्र-संख्या **DSE-501A** और **DSE-501B** में से किसी एक पत्र का उत्तर लिखिए।
उत्तर-पुस्तिका में पत्र-संख्या उल्लेख कीजिए।

DSE-501A

अस्मितामूलक विमर्श और हिंदी साहित्य

1. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 3×4 = 12

(क) दलित विमर्श संबंधित तीन कविता-संग्रहों के नाम लिखिए।

(ख) 'विमर्श' और 'वाद' में क्या अंतर है ?

(ग) दलित-स्त्रीवाद से क्या तात्पर्य है ?

(घ) आदिवासी विमर्श में 'जल, जंगल और जमीन' से क्या तात्पर्य है ?

(ङ) 'सलाम' कहानी के प्रमुख पात्रों के नाम लिखिए।

(च) 'मुर्दहिया' का प्रकाशन वर्ष बतलाते हुए उसके रचनाकार के दो अन्य कृतियों के नाम लिखिए।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 6×4 = 24

(क) दलित आंदोलन में डॉ० भीमराव अम्बेडकर के योगदान की समीक्षा कीजिए।

(ख) कात्यायनी की कविता 'सात भाइयों के बीच चम्पा' की मूल संवेदना लिखिए।

(ग) दलित साहित्य में स्वानुभूति का क्या महत्व है ? स्पष्ट कीजिए।

(घ) 'सलाम' कहानी के शीर्षक का औचित्य स्पष्ट कीजिए।

(ङ) हरिराम मीणा का साहित्यिक परिचय लिखिए।

(च) 'मुर्दहिया' में चित्रित दलित शोषण-प्रक्रिया पर विचार कीजिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के आलोचनात्मक उत्तर दीजिए – 12×2 = 24

(क) दलित विमर्श की अवधारणा स्पष्ट करते हुए दलित-साहित्य के सौन्दर्यशास्त्र पर प्रकाश डालिए।

(ख) स्त्री मुक्ति आंदोलन के पाश्चात्य संदर्भों पर विचार कीजिए।

(ग) 'आदिवासी विमर्श : अवधारणा और आंदोलन' विषय पर एक निबंध लिखिए।

(घ) स्त्री, दलित या आदिवासी विमर्श के किसी एक समकालीन हिन्दी साहित्यकार विमर्शमूलक साहित्य लेखन में नासिरा शर्मा के योगदान पर आलोचनात्मक निबंध लिखिए।

अथवा

DSE-501B

कला और साहित्य

1. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए – $3\times4 = 12$

(क) 'साहित्य' से क्या तात्पर्य है ?

(ख) साहित्य में कला का क्या महत्त्व है ?

(ग) लोक-कला का सामाजिक मूल्य क्या है ?

(घ) कला में दीर्घजीविता के प्रमुख तत्त्व क्या है ?

(ङ) लोक-कला के दो उदाहरण दीजिए।

(च) स्थापत्य और मूर्तिकला में अंतर बताइए।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए – $6\times4 = 24$

(क) भारतीय कला के सौंदर्यशास्त्रीय महत्व पर संक्षेप में विचार कीजिए।

(ख) कला में दीर्घजीविता के प्रमुख उपकरणों पर प्रकाश डालिए।

(ग) भारतीय कला की सांस्कृतिक उपादेयता पर विचार कीजिए।

(घ) साहित्यिक उत्कर्ष में लोक-कला की भूमिका पर प्रकाश डालिए।

(ङ) भारतीय कला के विविध रूपों का परिचय दीजिए।

(च) लोक कला और शास्त्रीय कला में अंतर स्पष्ट कीजिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के दीर्घ उत्तर दीजिए – $12\times2 = 24$

(क) भारतीय कला के विकास पर प्रकाश डालिए।

(ख) कला और समाज के अन्तर्संबंध पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

(ग) लोक-कला की सामाजिक-सांस्कृतिक उपादेयता पर विचार कीजिए।

(घ) कला और हिंदी साहित्य के संबंध की परंपरा पर विचार कीजिए।

——×——